# नए उद्योग लगाएं, एनओसी लेने के लिए मिलेंगे हजार दिन : योगी

## मथुरा में बोले योगी, चुनाव आते ही विपक्ष को जाति और कल्याण की आती है याद

अमर उजाला ब्यूरो/ संवाद

**आगरा/मथुरा/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आगरा में उद्यमियों से आह्वान किया कि नए उद्योग लगाइए, एक हजार दिन तक एनओसी लेने के लिए छूट है। कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। कम खर्च, कम स्थान, ज्यादा रोजगार सृजन, ज्यादा परिवारों का स्वावलंबन यह सिर्फ लघु उद्योगों से ही संभव है। उधर, शाम को गोरखपुर में समीक्षा बैठक के दौरान योगी ने कहा कि त्योहारों पर शांति व्यवस्था से खिलवाड़ की अनुमति किसी को नहीं होनी चाहिए। साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष दें, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इससे पहले मथुरा में कहा कि चुनाव आते ही विपक्ष में भगदड़ मचती है। उन्हें जाति और कल्याण की याद आती है। बाकी समय में विपक्षी सोते रहते हैं। सीएम ने मथुरा के उद्योगों को टीटीजेड के नियमों से बड़ी राहत दी। उन्होंने बड़ी संख्या में घर, बंगलों, आश्रम, अपार्टमेंट में संचालित गेस्ट हाउस को सुरक्षा शर्तों के साथ मान्य करने के भी निर्देश दिए। साथ ही धार्मिक भवन के निर्माण पर नक्शे बनवाने की अनिवार्यता को भी समाप्त कर दिया।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर में पूजा करते योगी। ब्यूरो

### प्रशिक्षण पर युवा उद्यमियों को मानदेय

योगी ने उद्यमी अधिवेशन में कहा, उद्योगों के लिए मानव संसाधन की समस्या अब नहीं होगी। एमएसएमई के लिए प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को आधा मानदेय सरकार देगी।

**इंटर्नशिप स्कीम लाए**

- इसके लिए इंटर्नशिप स्कीम लाए हैं। इससे युवा उद्यमियों की टीम खड़ी होगी। युवा उद्यमियों को भी प्रशिक्षण मिलेगा।
- सीएम ने कहा, प्रदेश में 17 हजार करोड़ रुपये कारपेट निर्यात हो रहा है, जिसमें भदोही, मिर्जापुर और वाराणसी का हिस्सा 10 हजार करोड़ रुपये है।

सीएम फरह स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय धाम में दीनदयाल स्मृति महोत्सव मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन करने आए थे। योगी ने मथुरा में सीएम ने जन्म स्थान परिसर में गोल्फ कार्ट का शुभारंभ किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी भी मौजूद रहे।